| ख हुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|

**राजस्व आवेदन संख्या 1309 / 2017 अनवान पदमसिंह बनाम तुलछसिंह वगैराह**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत मुख्यालय लाखेटाली पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 20.10.2021 को ग्राम पंचायत मुख्यालय लाखेटाली, रा.उ.प्रा. वि. सरनाडा (लाखेटाली) पर पेश हो।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर

20.10.2021

यह पत्रावली आज बमुकाम लाखेटाली, रा.उ.प्रा.वि. सरनाड़ा (लाखेटाली) प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 में पेश हुई। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण अनुउपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। प्रार्थी ने इस न्यायालय के समक्ष राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 (ए) उप धारा 1 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर प्रार्थी के खेत खसरा नं. 101 रकबा 144.08 बीघा ग्राम पुरोहितों की बस्ती पटवार मण्डल मूढों की ढ़ाणी में सुखाचार हेतु अप्रार्थीगण संख्या 01 से 30 के खेत खसरा नं. 586 / 95, 553 / 99 एवं 98 में से नया रास्ता खोलने एवं राजस्व अभिलेख में रास्ता अंकित किये जाने हेतु निवेदन किया। आवेदन पंजीयन कर उत्तरदातागण को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किये गये। तहसीलदार, बाडमेर से मौका प्रतिवेदन तलब किया गया।

तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट शामिल मिशल हो पत्रावली का अवलोकन किया गया। संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी का संयुक्त खातेदारी का खेत मौजा पुरोहितो की बस्ती तहसील बाडमेर के खसरा संख्या 101 रकबा 144.08 बीघा का आया हुआ है। प्रार्थी के खेत से अन्य सुविधाएं प्राप्त करने हेतु आने–जाने के लिए रास्ते की आवश्यकता है। सड़क मार्ग से प्रार्थी के खेत तक जाने के लिए निम्न प्रकार से खसरान् का रकबा बीच मे पड़ता हैः–

| क्र. स. | नाम खातेदार | खसरा नंबर | कुल रकबा | प्रस्तावित रास्ता | | डी.एल. सी. दर प्रति बीघा | डी.एल. सी. दर से दुगुणी राशी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लम्बाई x चौडाई (गट्ठो में) | प्रस्तावित रास्ता रकबा | | |
| 1 | श्री यारमौहम्मद अमर पि0 अब्दुला लखा माणक अब्दुल करीम पि0 सुमार सदीक अब्दुला पि0 उस्मान बसन्त, सुभान शरखा पि0 हासम खाना पत्नी हासम कौम मुसलमान सा देह खातेदार | 586 / 95 | 16.02 | 38 X 4 | 0.08 बीघा | 76264 | 30506 |
| 2 | हमीरसिंह भारसिंह अमदसिंह पि0 मादूसिंह भीखकवर धर्मपत्नी मादूसिंह निम्बसिंह विक्रमसिंह पि0 मगसिंह मीराकवर पत्नी मगसिंह 77 / 154 शैतानसिंह मेहताबसिंह कूम्पसिंह मूलसिंह पि0 जबरसिंह 65 / 154 मिश्री पत्नी नखसिंह 12 / 154 कौम राजपूत सा0 देह खातेदार | 553 / 99 | 154 | 160 X 4 | 1.12 बीघा | 76264 | 122022 |
| 3 | खगारसिंह भैरसिंह जागराजसिंह राणसिंह पि0 तुलछसिंह ढेलकवर पत्नी तुलछसिंह 1 / 4 कूम्पसिंह हरीसिंह बाबूसिंह ईश्वरसिंह पि0 कुशलसिंह 2 / 9 श्यामूकवर पत्नी कुशलसिंह 1 / 36 भाखरसिंह वल्द बलवन्तसिंह धाऊकवर पत्नी बलवन्तसिंह 1 / 4 गवरी बेवा नाथूसिंह 1 / 4 कौम राजपूत सा देह खातेदार रहन ईश्वरसिंह कुम्पसिंह भाखरसिंह का हिस्सा SBI शाखा कवास | 98 | 110.01 | 56 X 4 | 0.11 बीघा | 76264 | 41945 |
| | योग | 03 | – | 254X 4 | 2.11 बीघा | 76264 | 194473 |

उक्त खसरान् के खेत की कुल 2.11 बीघा भूमि संलग्न नक्शा में दर्शाये अनुसार मार्ग की आवश्यकता है। उक्त मार्ग हेतु आवश्यक मुआवजा राशि प्रार्थी अदा करने को तैयार है।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर

तहसीलदार बाडमेर से मौके की रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार बाडमेर द्वारा मजमे आम में रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की, कि ग्राम पुरोहितों की बस्ती तहसील बाडमेर के खसरा संख्या 101 रकबा 144.08 बीघा मे पहुँचने हेतु मौजा पुरोहितों की बस्ती के खसरा नंबर 586/95 रकबा 16.02 बीघा, रास्ते हेतु उपयोग रकबा 0.08 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 30506/– खसरा नंबर 553/99 रकबा 154 बीघा, रास्ते हेतु उपयोग रकबा 1.12 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 1,22,022/– एवं खसरा नंबर 98 रकबा 110.01 बीघा रास्ते हेतु उपयोग रकबा 0.11 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 41945/– उक्त खसरों में से गुजरना पडेगा। प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई 254X4 गट्ठा रखी गयी है, जो आपस में जुड़ने वाले खसरों की सीमा पर प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा उक्त खेत में पहुचने का काई मार्ग नही है।

तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट तथा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के परिप्रेक्ष्य में प्रार्थी को उसकी खातेदारी के खेत में आने–जाने हेतु रास्ते की आवश्यकता है। प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग इस खेत में जाने के लिए नही है।

उपर्युक्त विवेचनोपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुचे है कि प्रार्थी को आने–जाने हेतु रास्ते की आत्यन्तिक आवश्यकता है एवं तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तावित रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नही है। प्रार्थी द्वारा की गई रास्ते की मांग उचित प्रतीत होती है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार किया जाता है। ग्राम पुरोहितों की बस्ती तहसील बाडमेर के खसरा संख्या 101 रकबा 144.08 बीघा मे पहुँचने हेतु मौजा पुरोहितों की बस्ती के खसरा नंबर 586/95 रकबा 16.02 बीघा, रास्ते हेतु उपयोग रकबा 0.08 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 30506/– खसरा नंबर 553/99 रकबा 154 बीघा, रास्ते हेतु उपयोग रकबा 1.12 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 1,22,022/– एवं खसरा नंबर 98 रकबा 110.01 बीघा रास्ते हेतु उपयोग रकबा 0.11 बीघा भूमि की बाजार दर प्रति बीघा 76264/– का 02 गुणा राशि 41945/– कुल राशि 1,94,473/– में मार्ग का कुल क्षेत्रफल 2.11 बीघा है, जो संलग्न नक्शा में बरंग ''पीला'' दर्शाया है। उक्त भूमि की डीएलसी दर की दूगुनी राशि प्रार्थी राजकोष में जमा करावे। तहसीलदार बाडमेर उक्त राशि जमा करवाने पर राजस्व अभिलेख में अमल दरामद कर लठा ट्रेस मे तरमीम करावे तथा अप्रार्थी श्री यारमौहम्मद अमर पि0 अब्दुला लखा माणक अब्दुल करीम पि0 सुमार सदीक अब्दुला पि0 उसमान बसन्त, सुभान शेरखां पि0 हासम खाना पत्नी हासम कौम मुसलमान सा. देह खातेदार हमीरसिंह भारसिंह अमेदसिंह पि0 मादूसिंह भीखकंवर धर्मपत्नी मादूसिंह निम्बसिंह विक्रमसिंह पि0 मगसिंह मीराकंवर पत्नी मगसिंह 77/154 शैतानसिंह मेहताबसिंह कूम्पसिंह मूलसिंह पि0 जबरसिंह 65/154 मिश्री पत्नी नखसिंह 12/154 कौम राजपूत सा0 देह खातेदार खंगारसिंह भैरसिंह जोगराजसिंह राणसिंह पि0 तुलछसिंह ढेलकंवर पत्नी तुलछसिंह 1/4 कूम्पसिंह हरीसिंह बाबूसिंह ईश्वरसिह पि0 कुशलसिंह 2/9 श्यामूकंवर पत्नी कुशलसिंह 1/36 भाखरसिंह वल्द बलवन्तसिह धाऊकंवर पत्नी बलवन्तसिंह 1/4 गवरी बेवा नाथूसिह 1/4 कौम राजपूत सा.देह खातेदार रहन ईश्वरसिंह कुम्पसिंह भाखरसिंह का हिस्सा SBI शाखा कवास तहसील व जिला बाडमेर को भुगतान करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मौका फर्द के संलग्न प्रस्तुत नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय मजमे आम में सुनाया गया।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर